## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस महीने की 21 तारीख को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष के योग दिवस का विषय– **एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य** भी बहुत खास था। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि एक दिशा है, जो हमें वसुधैव कुटुंबकम् का एहसास कराती है।

**********************

आज 19वां सांख्यिकी दिवस है। यह दिवस प्रतिवर्ष प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महलानोबिस की स्मृति में मनाया जाता है जो सांख्यिकी और आर्थिक आयोजना के क्षेत्र की एक नामी हस्ती थे। इस वर्ष के सांख्यिकी दिवस का विषय है– राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष। आज इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में, सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि डेटा–आधारित आज के इस युग में, सांख्यिकी ही शासन का आधार है।

**********************

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 286 ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर सीडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। इस दौरान आरोपियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक माप तौल मशीन और पांच स्मार्ट फोन जब्त किए गए।

**********************

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत आज देवघर पहुंचे, जहां उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने उनका स्वागत किया। न्यायाधीश आज बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे।

**********************

जामताड़ा जिला प्रशासन की पहल पर बुधवार को जिला नियोजनालय सह मॉडल केरियर सेंटर परिसर में एक दिवसीय दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आज तड़के बादल फटने की घटना में निर्माणाधीन स्थल पर काम कर रहे नौ श्रमिक लापता हो गए। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिसमें एन.डी.आर.एफ, एस.डी.आर.एफ. और पुलिस टीमें जुटी हैं। मूसलाधार बारिश के कारण गंगोत्री और यमुनोत्री राजमार्ग भी बाधित हैं। लगातार बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए चारधाम यात्रा को एहतियातन एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और उधमसिंह नगर में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिला प्रशासन उड़ीसा के रायरंगपुर सिंचाई प्रमंडल द्वारा जलाशय से जल छोड़े जाने की सूचना के बाद अलर्ट मोड में आ गया है। उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। साथ ही संभावित क्षेत्रों में त्वरित निगरानी, माइकिंग और पर्चा वितरण के माध्यम से सतर्कता संदेश प्रसारित करने के आदेश जारी किए गए हैं। स्वर्णरेखा और खरकई नदी के जलस्तर पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

**********************

आज दक्षिण–पश्चिम मानसून ने पूरे राज्य को कवर कर लिया है, जो सामान्य तिथि से नौ दिन पहले है। बीते 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा दर्ज की गई, जिसमें सबसे अधिक बारिश 306 दशमलव 8 मिलीमीटर बहारागोड़ा में रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक झारखंड में भारी बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है।

**********************

बर्लिन में महिला एफ.आई.एच. प्रो. लीग हॉकी में भारतीय टीम आज अपने आखिरी मैच में चीन से खेलेगी। यह मैच रात आठ बजे शुरू होगा।

********समाप्त********